लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कार्तिक कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी विक्रम सम्वत 2079

अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 343, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 23 अक्टूबर 2022

PAGE NO : 09 MIDDLE

28 से होगी 69वीं स्टेट टेबल टेनिस चैम्पियनशिप

अमृत विचार, बरेली

श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट द्वारा 69वीं स्टेग यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस के तत्वावधान में 28 से 30 अक्टूबर तक होगी। शनिवार को एसआरएमएस रिद्धिमा में आयोजित प्रेसवार्ता में ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने यह जानकारी दी। स्पर्धा में प्रदेश के 25 जिलों के करीब 325 खिलाड़ी भाग लेंगे।

महिला, पुरुष, बालक और बालिकाएं इस चैंपियनशिप की 12 स्पर्धाओं में शामिल होंगे। फाइनल मैच 30 अक्टूबर को होगा। कांफ्रेंस में डा. प्रभाकर गुप्ता ने कहा कि इस टूर्नामेंट में सभी श्रेणी के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से 50 हजार रुपये, यूपीटीटी ऐसोसिएशन की ओर से तीस हजार रुपये, स्टेग इंटरनेशनल मेरठ की ओर से 20 हजार रुपये धनराशि दी गई है। निहाल सिंह मेमोरियल की ओर से (उभरते खिलाड़ी) रुपये पांच हजार एवं विवेक प्रसाद मेमोरियल की ओर से (उभरते खिलाड़ी) को पांच हजार की धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट द्वारा उत्तर प्रदेश के टीटी के सभी रैंकिंग खिलाड़ियों को यात्रा भत्ता के साथ रहने और खाने की सुविधाएं दी जाएगी।

प्रेस कांफ्रेंस में जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव डा. दीपेंद्र कमथान ने बताया कि टूर्नामेंट में कई मैच खेले जाएंगे। इसमें इंटरनेशनल रेफरी अमित सिंह इस चीफ रेफरी होंगे, जबकि डिप्टी रेफरी आकाश यादव होंगे। साथ ही 16 टेबल रेफरी भी होंगे। टूर्नामेंट में स्टेग 3 स्टार प्रिमियम बाल एवं स्टेग 100 डीएक्स टीटी टेबिल का प्रयोग किया जाएगा जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार है। चैंपियनशिप में अवनी त्रिपाठी, दिव्यांश श्रीवास्तव, सार्थ मिश्रा जैसे आल इंडिया रैंकिंग प्राप्त खिलाड़ी शामिल होने आ रहे हैं। कांफ्रेंस में एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज के स्पोर्ट्स आफिसर नितिन सक्सेना भी मौजूद रहे।

एसआरएमएस रिद्धिमा में प्रेसवार्ता के दौरान आदित्य मूर्ति व अन्य।

प्रेस कांफ्रेंस

- एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित की जा रही स्पर्धा
- 25 जिलों के 325 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा, जूनियर, सीनियर समेत 12 वर्गों में खेली जाएगी प्रतियोगिता